
हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025



13 गांव सुमड़ा खेड़ा के राजकीय स्कूल में जमा है ...


14 20 लाख की लागत से बनाए जाएंगे जैन चौक में ...









## खबर संक्षेप

### 24 को सांवड़ गांव में होगा रात्रि ठहराव

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त डा. मुनीष नागपाल और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी 24 सितंबर को सांवड़ गांव में रात्रि ठहराव करेंगे। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। साथ ही गांव के विकास को लेकर लोगों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

### 1.974 किलोग्राम गांजा सहित दो आरोपी दबोचे



**चरखी दादरी।** दादरी सीआईए स्टाफ ने दो युवकों को गांजा सहित काबू किया है। आरोपियों से 1.974 किलो गांजा बरामद हुआ है। दोनों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। गुप्त सूचना के बाद सीआईए टीम ने बाढ़डा में नाकेबंदी कर आरोपितों को दबोचा था। आरोपी युवकों की पहचान राजस्थान के चूरू जिला निवासी अंकित और मंजीत के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**भिवानी।** पिलानी रोड पर बने मकान की साइड में शनिवार सुबह 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक शशी कुमार भिवानी जिले के जाटू लुहारी गांव का रहने वाला था और कस्बे की एक डेयरी प्लांट में काम करता था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने इत्तेफाकिया मौत का केस दर्ज किया है। शनिवार सुबह लोगों ने पिलानी रोड पर मकान की साइड में अधेड़ उम्र व्यक्ति को बेसुध पड़े देखा। सूचना मिलने पर बहल पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी थी।

### स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ चेकअप कैंप लगाया

**चरखी दादरी।** भारत सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिसके तत्वाधान में आज समसपुर गांव में विभिन्न विभागों द्वारा कन्वर्जेन्स मेला का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया।

---

### शहर में 12 अस्थायी बाड़े बनाकर रोकी सैंकड़ों गायें

# गोवंश को बचाने के लिए 500 गोसेवक 50 सफाई कर्मचारी एवं 7 एंबुलेंस तैयार

*लोग जाने अनजाने में गाय को तला हुआ एवं क्षमता से अधिक सामग्री खिलाकर पुण्य की बजाय पाप के भागी बन जाते हैं, इसलिए हर वर्ष गोरक्षा दल की टीम शहर में लोगों को जागरूक करती हैं। जागरूकता अभियान में नगर परिषद प्रशासन भी कर रहा सहयोग*

### श्राद्ध अमावस्या पर गोवंश को नहीं खिलाएं कच्चा एवं तला भोजन

राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

21 सितंबर को श्राद्धों की अमावस्या हैं, जिसका हिंदू धर्म में बहुत अधिक महत्व हैं। श्राद्ध अमावस्या को हर कोई पितरों की आत्मा की शांति के लिए दान पुण्य करता हैं, लेकिन लोग जाने अनजाने में गाय को तला हुआ एवं क्षमता से अधिक सामग्री खिलाकर पुण्य की बजाय पाप के भागी बन जाते हैं, इसलिए हर वर्ष गोरक्षा दल की टीम शहर में लोगों को जागरूक करती हैं। जागरूकता अभियान में नगर परिषद प्रशासन भी कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करता हैं। गोरक्षा दल के सदस्य व प्रशासन लोगों को कच्चा व तला हुआ भोजन गोवंश को न खिलाने के लिए ऑटो रिक्शा लगाकर जागरूक कर रहा हैं।

शहर के 31 वार्डों में से 25 नगर पार्षदों ने पंपलेट छपवाकर, दवाइयां देकर एवं अनाऊंसमेंट के लिए ऑटो रिक्शा लगवाकर गोरक्षा दल का सहयोग किया हैं, वहीं नगर परिषद ने 50 सफाई कर्मचारी गोरक्षा दल को सहयोग के लिए सौंपे हैं, जो रात को गायों को पकड़वाकर अस्थायी बाड़ों में रुकवाने का कार्य करेंगे। गोरक्षा दल के सदस्यों द्वारा श्राद्ध अमावस्या पर गोवंश को बचाने के लिए शहर में खाली प्लॉटों, गोशालाओं में 12 अस्थायी बाड़े बनाकर गोवंश को रोका जा रहा है, ताकि उनकी जान बच सके। श्राद्ध अमावस्या के दिन लोग पितरों की शांति के लिए सोलह रोटियां बनाने की बजाय पूरियां गोवंश को खिलाते हैं, जो गोवंश के पेट में एसिड बनाने का काम करती हैं, जिससे गोवंश की आकस्मिक मौत हो जाती हैं, ऐसे में लोग पुण्य की बजाय पाप के भागी बन जाते हैं। गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में दल के 500 सदस्यों की अनेक टीमें शहर में सड़कों पर घूम रहे गोवंश को अस्थायी बाड़ों में इक्ट्ठा कर रही हैं।



**भिवानी।** अस्थायी बाड़े में एकत्रित गोवंश की सुरक्षा में खड़ा गोरक्षा दल का सदस्य।

#### ये बनाए अस्थायी बाड़े

गोरक्षा दल ने बीटीएम चौक, टीआईटी पुलिस चौकी के निकट, हनुमान ढाणी, पीपलीवाली फाटक, बैंक कॉलोनी, पालुवास गोरक्षा दल गोशाला, पुराना बस स्टैंड, महम रोड गोशाला बाड़ा, जीतूवाला जोहड़ प्लॉट, शिक्षा मार्ग, जेल के सामने ओवरब्रिज के नीचे गोशाला में खाली प्लॉटों में अस्थायी बाड़े बनाए गए हैं, जहां सैंकड़ों की संख्या में गोवंश को रोका जा रहा हैं। वहीं सात एंबुलेंस आपातकालीन स्थिति में गोवंश को उपचार के लिए सेवा करेगी, जिनमें गोरक्षा दल की दो एंबुलेंस, नप की एक, एक गोकुल धाम झज्जर, एक सुई आशीष गोशाला, एक कैलाश जांगड़ा लोहानी गोशाला व एक संदीप लोहानी गोशाला की एंबुलेंस आपातकालीन स्थिति में सेवारत रहेंगी। वहीं नप के सफाई निरीक्षक विकास देशवाल ने 50 सफाई कर्मचारी सहयोग के लिए गोरक्षा दल को सौंपे है, जो गोवंश को बाड़ों में रुकवाने का कार्य करेंगे।

#### महीने से किया जा रहा जागरूक

गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि गोरक्षा दल द्वारा श्राद्ध पक्ष की अमावस्या के एक माह पहले से ही लोगों को जागरूक करना शुरू किया जाता हैं, कि गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ भोजन न खिलाएं, ताकि वह बीमार होने से बच सके और उसकी आकस्मिक मौत न हो। इसके बावजूद अधिकतर लोग पूरियां बनाकर गोवंश को खिलाते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती हैं। गोरक्षा दल हर साल अस्थायी बाड़े बनाकर हजारों गोवंश को बचाने का काम करता हैं और जो गाय बाड़े से बाहर गलियों में कही छूट जाती हैं वो आकस्मिक मौत का शिकार होती हैं। गोरक्षा दल के 500 सदस्यों की टीम और 50 नप के सफाईकर्मी अस्थायी बाड़ों में गोवंश को रोक रहे हैं।

#### हर साल मरती हैं 20 से 25 गाय

संजय परमार ने बताया कि हर साल श्राद्ध अमावस्या के एक माह पहले से गोरक्षा दल जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कच्चा एवं तला हुआ भोजन नहीं खिलाने की अपील करता हैं, इसके बावजूद लोग गोवंश को पूरियां खिलाते हैं, जिसके चलते हर साल 20 से 25 गायों की मौत हो जाती हैं। इन गोवंश की मौत का हर वो व्यक्ति जिम्मेदार होता है, जो अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं पुण्य कमाने के चक्कर में गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ भोजन खिलाता हैं

#### नप की कूड़ा उठाने वाली टिप्पर कर रही जागरूक

शहर की कॉलोनियों की गलियों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले टिप्पर स्वच्छता अभियान के साथ साथ गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ भोजन न खिलाने और अधिक मात्रा में नहीं खिलाने के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। डोर टू डोर जाकर कूड़ा एकत्रित कर रहे हैं और लोगों को स्वच्छता मुहिम के साथ साथ गोवंश के आकस्मिक मौत का कारण नहीं बनने का संदेश दे रहे हैं। नप के टिप्पर दो मिनट 40 सेकंड की ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ भोजन नहीं खिलाने और ज्यादा मात्रा में अनाज नहीं खिलाने की अपील कर रहे हैं, ताकि जाने अनजाने में किसी को गो हत्या का पाप लगने से बच सके। शहर में लगभग 40 टिप्पर हैं, जो अनाऊंसमेंट कर रहे हैं। वहीं शहर में अनेक स्थानों पर बैनर, होर्डिंग, पंपलेट छपवाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं।






---



### रोडवेज बस में अचेत हालत में मिला यात्री

**भिवानी।** शनिवार दोपहर दिल्ली से भिवानी पहुंची रोडवेज बस में एक यात्री अचेत अवस्था में मिला। चालक ने इसकी जानकारी बस अड्डा इंचार्ज अजय शर्मा को दी। उन्होंने तत्काल पुलिस व एम्बुलेंस बुलाई और उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया। समाचार लिखे जाने तक युवक को होश नहीं आया था,लेकिन परिजन सामान्य अस्पताल में पहुंच गए थे।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 11 बजकर 10 मिनट दिल्ली से भिवानी के लिए ऐसी बस चली थी। उसमें भिवानी के चंदन शर्मा भी सामान लेकर सवार हो गए। जब बस भिवानी पहुंची तो बस अड्डे पर सारी सवारी उतर ली,लेकिन चंदन शर्मा बस में ही अचेत हालत में सीट पर बैठे रहे।

इस पर चालक व परिचालक ने उसको उतरने के लिए कहा,लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे पाया। उसके बाद चालक अमित नागर ने इस बारे में अड्डा इंचार्ज अजय शर्मा को जानकारी दी। उसके बाद अजय शर्मा ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस व एम्बूलेंस पहुंच गई और चंदन शर्मा को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल ले आई। अड्डा इंचार्ज की सूचना पर परिजन भी सामान्य अस्पताल पहुंच गए। शुरुआती जांच में पता चलता है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसको नशीला पदार्थ खिला दिया या सुंघा कर बेहोश कर दिया। उसकी अंगुली से सोने की अंगूठी व अन्य कीमती सामान गायब मिला।

---

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बामला स्कूल की अनुष्का ने जीता रजत पदक

■ जूड़ो चैंपियनशिप में पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल की भावना ने जीता सिल्वर पदक, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** पदक विजेता अनुष्का को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक।

चीन में हुई तीसरी बेल्ट एंड रोड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिला के गांव बामला की बेटी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बामला की कक्षा 11वीं की छात्रा अनुष्का दुहन ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रजत पदक जीतकर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया।

अनुष्का की उपलब्धि पर विद्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया। प्राचार्या मीना के नेतृत्व में सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों ने विजेता खिलाड़ी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्या मीना ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों का महत्व भी उतना ही है। इस अवसर पर हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला, प्रवक्ता अर्चना गौड, प्रवक्ता रामअवतार, प्रवक्ता सुरेंद्र, प्रवक्ता नीलम, प्रवक्ता सुमन, प्रवक्ता शीला, प्रवक्ता सुनीता वर्मा, प्रवक्ता सुनीता जांगड़ा आदि ने बधाई दी।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता से करें काम

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार जनता की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के साथ-साथ पारदर्शिता एवं जवाबदेही की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में उपायुक्त डा मुनीष नागपाल ने समीक्षा बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य जन शिकायत निवारण प्रणाली पर जोर, ई-टेंडरिंग प्रणाली, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, भूमि उपयोग और शिक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नागरिक सुविधाओं की स्थिति का व्यापक आकलन करना और आगे की कार्य योजना तय करना रहा। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से आमजन के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मिनी क्यूबा की बेटियों का दबदबा जारी, जूड़ो में भी लहराया परचम

■ अनुष्का ने चीन में रजत पदक जीतकर बढ़ाया गांव बामला व विद्यालय का मान, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हाल ही में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी जिले की महिला मुक्केबाजों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाया।

अब बॉक्सिंग के बाद भिवानी जिले की बेटी ने कराटे प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दी है। रायपुर में आयोजित जूडो नेशनल सब-जूनियर चैंपियनशिप में महम स्थित पंडित सीताराम शास्त्री कन्या स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा भावना ने अंडर-14 आयु वर्ग में भाग लेते हुए रजत पदक हासिल किया। भावना की शानदार उपलब्धि ने ना केवल उसके परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि भिवानी की खेल परंपरा को भी और मज़बूती दी है। पदक जीतकर स्कूल लौटने पर भावना का प्राचार्या सोनिया कौशिक के नेतृत्व में अन्य स्टाफ सदस्यों और छात्राओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्या सोनिया कौशिक ने भावना की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि छात्रा भावना की उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि आज बेटियां हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।




**भिवानी।** प्राचार्या के साथ भावना।

---

### कंवर साहेब महाराज ने साध संगत को प्रवचनों से निहाल किया

## सेवा के बिना सत्संग की कल्पना भी नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भक्ति के दो अंग हैं सेवा और सत्संग। सेवादारों को दोनों ही पूर्ण रूप से मिलते हैं। सेवा के बिना सत्संग की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हुजूर ताराचंद का जीवन भी सेवा और सत्संग को ही समर्पित था। यह सत्संग वचन एवं सेवा निर्देश परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने 21 सितम्बर को परमसंत ताराचंद महाराज के 101 वें अवतरण दिवस पर होने वाले सत्संग व भंडारे की पूर्व संध्या पर सेवाकार्य के लिए जुटे सेवादारों को फरमाए। हजारों की संख्या में सेवाकार्यो के लिए जुटे सेवादारों को सत्संग फरमाते हुए गुरु महाराज ने फरमाया कि जिस महान संत के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर होने वाले सत्संग की सेवा कार्य के लिए आप उपस्थित हुए हो उनके जीवन का आधार ही सेवा और प्रेम था। उनका उद्देश्य था कि समाज का प्रत्येक नागरिक उत्तम स्वास्थ्य लाभ के साथ सच्चाई और ईमानदारी से इस समाज की सेवा करें। गृहस्थ धर्म की पालना करते हुए परमात्मा की भक्ति करने को ही वो सच्चा परमार्थ बताते थे। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि परमात्मा का रूप गोईं है। वो ना होते हुए भी हर जगह



उपस्थित है। जिस प्रकार नारियल के पानी को प्राप्त करने के लिए विशेष जतन करना पड़ता है वैसे हमारे अंतर घट में उपस्थित परमात्म रस को पाने के लिए भी जतन करना पड़ेगा। जिनमें सच्ची लगन होती है वो उसे प्राप्त कर लेते हैं। यह लगन केवल परमात्मा के द्वारा भेजे हुए संतो की शरणाई से ही संभव है। परमसंत ताराचंद भी परमात्मा के विशेष दूत थे। वे साक्षात परमात्मा के ही रूप में इस धरा पर आए। जिस प्रकार परमात्मा रोम रोम में रमा हुआ है वैसे ही हुजूर ताराचंद भी राधास्वामी सत्संग दिनोद के रूप में जर्रे जर्रे में मौजूद है।

#### परमात्मा के कानून और मर्यादाएं बहुत बड़ी बड़ी

हुजूर महाराज ने कहा कि गुरु नाम उसका है जो आपको रास्ता दिखाए। इन रास्तों में उत्तम रास्ता परमात्मा को पाने का है इसलिए इस मार्ग को सुझाने वाले गुरु को सतगुरु कहते हैं। सतगुरु परोपकार और परमार्थ दोनों सुझाते हैं। उन्होंने गुरुमुख्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति के रास्ते पर चलने वाले के कर्म और भाग्य भी महत्वपूर्ण होते हैं। आपके द्वारा किए गए कर्म आपका लेखा लिखते हैं। गुरु महाराज ने कहा परमात्मा सबको देता है।उसको सबका ख्याल है। जमींदार खेत में अन्न केवल अपने पेट को भरने के लिए नहीं उगाता। बल्कि उसके उगाए अन्न में ही परमात्मा हजारों पक्षियों और कीड़े मकोड़ों के भोजन का भी प्रबंध करता है। कोई भी कर्म ऐसा ना करो कि वो आपका पीछा करो। जो दूसरे के लिए कुआं खोदेगा उसके लिए भी कहीं ना कहीं कुआं तैयार हो चुका है। परमात्मा के कानून और मर्यादाएं बहुत बड़ी बड़ी हैं। वो किसी को ना कम देता है ना ज्यादा। वो जगतपति है।

## महिला महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

■ सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया अभियान

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजकीय महिला महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम ही नहीं है, यह लोगों में समाजसेवा की भावना को जागरूक करने का कार्यक्रम है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिला महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों, छात्राओं के साथ मिलकर प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, पंचायत समिति चेयरमैन विजय फोगाट, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा, पवन शर्मा सुरपुरा, प्राचार्य कुलदीप पंघाल सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई की। छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी के जन्म दिन से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा मना रही है।

# अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

### प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए



## 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

### यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




### म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

### 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

### टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

## सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

*"एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंक: 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंक: 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदा: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



## हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू. निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

## दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

### 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।

**खबर संक्षेप**

### डीसी ने बडेसरा के लिए भिजवाई इलेक्ट्रिक बोट

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बडेसरा के खेतों से पानी निकासी के दौरान सिंचाई विभाग के लिए जिला मुख्यालय से इलेक्ट्रिक बोट जिला मुख्यालय से भिजवाई है। इस बोट से सिंचाई विभाग को काफी मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों अत्यधिक बारिश होने से जिला के अनेक गांवों में जलभराव की समस्या बन गई। जहां एक तरफ खेतों में पानी जमा हो गया तो वहीं दूसरी ओर कई गांवों में आबादी क्षेत्र में भी जलभराव हुआ है।

### मेडिकल कैंप में 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**भिवानी।** पंडित खुशीराम जनसेवा ट्रस्ट एवं गुगनराम सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शारदा हॉस्पिटल एवं पंचकर्म केंद्र विद्या नगर में कालोनी निवासियों के सहयोग से मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर वैद्य हर्ष भाटी भिवानी के नेतृत्व में चिकित्सा दल ने लगभग 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों को जीवनशैली सुधार हेतु आहार, निद्रा और आनंद के नियम अपनाने की प्रेरणा दी गई।

### समन्वयता में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य प्रो. त्रिलोक चंद के कुशल निर्देशन एवं रेड रिबन क्लब संयोजक डॉ. ज्योति व प्रो. अजीत कुमार की समन्वयता में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। छात्राओं ने रेड रिबन लगा कर व पोस्टर प्रदर्शित कर अन्य छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को को टीच एड्स डॉक्युमेंट्री के माध्यम से एचआईवी-एडस की जानकारी दी। डा. ज्योति ने बताया कि ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) एक ऐसा वायरस है जो शरीर की ऐसी प्रणाली पर हमला करता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है ।

### पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

**बाढड़ा।** गोपी की अनुसूचित वर्ग बस्ती के बोरिंग नंबर चार के पास पंचायत द्वारा गांव का दूषित पानी निकासी करने पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां गंदे पानी की निकासी की गई तो बोरिंग से सप्लाई होने वाला पानी दूषित हो जाएगा और बस्ती के लोगों में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। ग्रामीण राजेश पंच, अंकुर पंच, पूजा पंच, रोहताश आदि ने बताया कि गांव के करीब 50 प्रतिशत घरों में बोरिंग से पानी सप्लाई होता है।

## प्राइवेट मकान में लग रही हैं दो सरकारी स्कूलों की कक्षाएं


# गांव सुमड़ा खेड़ा के राजकीय स्कूल में जमा है दो फुट पानी

**निजी भवन में बिजली, पानी, शौचालय और पंखों की व्यवस्था नहीं**

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा खंड के अंतर्गत आने वाले गांव सुमड़ा खेड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय व राजकीय प्राथमिक पाठशाला के विद्यालय प्रांगण दो-दो फुट पानी जमा है साथ में काई होने के कारण पगडंडी भी नजर नहीं आती। वहीं विभाग के आदेशानुसार दोनों विद्यालय के विद्यार्थियों की कक्षाएं गांव के ही किसी निजी व्यक्ति के मकान में लगाई जा रही है ताकि विद्यार्थियों व शिक्षकों को परेशानी न हो। विद्यालय प्रांगण में पानी जमा होने से शिक्षकों, विद्यार्थियों व आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालय प्रांगण में बरसाती व चोए का पानी जमा होने से विद्यालय पिछले काफी दिनों तक बंद रहा व बाद में विभाग के आदेश मिलने पर गांव के ही किसी निजी व्यक्ति के भवन में कक्षाएं लगाने की व्यवस्था की गई। लेकिन भवन में न तो बिजली, पानी, शौचालय, पंखे की व्यवस्था है जिसके कारण सभी को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**भिवानी।** स्कूल परिसर में जमा पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

**प्राथमिक पाठशाला का भवन कंडम घोषित**

सुमड़ा खेड़ा के प्राथमिक पाठशाला भवन को विभाग द्वारा कंडम घोषित किया गया है इसके सभी कमरें किसी भी समय गिर सकते हैं और स्टाफ द्वारा इसमें रस्सी भी बांधी गई है ताकि इन कमरों व बरामदों में कोई न आ सके। वहीं इसकी कुई भी धंसने की कमार पर है। वहीं माध्यमिक विद्यालय के भवन की दिवारों में भी पानी जमा होने से दरारें व नमी आने लगी है। विद्यालय में वर्षो पुराने लगे वृक्ष भी धराशाही होकर जमीन पर गिर गए हैं गनीमत रही की उस समय विद्यालय में कक्षाएं नहीं लग रही थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। विद्यालय मुखियाओं ने किया विभाग को सूचित

प्राथमिक मुखिया अंजू द्वारा विद्यालय ने बताया कि विद्यालय के हालातों को देखते हुए उनके द्वारा विद्यालय में पानी जमा होने की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजी है वहीं खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्वारा उच्चाधिकारियों को इसके बारे में सूचित कर दिया है ताकि स्थाई समाधान किया जा सके। हालांकि विद्यालय प्रशासन स्वयं व पंचायत के सहयोग से पानी निकासी के लिए भरसक प्रयास कर रहा है ताकि इस पानी को बाहर निकाला जा सके।

# स्वच्छता है सामूहिक जिम्मेदारी :कौशिक



**भिवानी।** सफाई अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को हुडा पार्क के नजदीक में एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने मिलकर बिखरे हुए कचरे को उठाया और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने स्वयं कचरा उठाकर एक मिसाल पेश की और सभी को इस नेक कार्य में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, केके ग्रोवर, शकुंतला प्रधान, पवन शेखावत, धीरज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, मुकेश प्रजापत, रामबिलास शर्मा, अंकित पालुवास, विनोद स्वामी, दिनेश वर्मा, जगवीर सिंह, अशोक राघव, सुंदर खरक, दिनेश जांगड़ा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावित्री देवी के सौम्य स्वभाव को लोग हमेशा रखेंगे याद : धनखड़

■ भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सहित अनेक लोगों ने भाजपा नेता शंकर धूपड़ की माता के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ शनिवार को भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य अधिवक्ता शंकर धूपड़ के घोसियान चौक स्थित आवास पहुंचे तथा उनकी माता सावित्री देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



इस अवसर पर ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मां का साया जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होता है, उनके जाने से जीवन में अपूरणीय रिक्तता आ जाती है। उन्होंने शंकर धूपड़ व अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरे भाजपा परिवार की संवेदनाएं इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि शंकर धूपड़ की माता सावित्री देवी एक धार्मिक व सामाजिक महिला थी, जिन्होंने हमेशा जीवन में जरूरतमंद लोगों की मदद को प्राथमिकता दी तथा उनका यही समाजसेवा का भाव शंकर धूपड़ में भी है।

रेवाड़ी के पूर्व जिला अध्यक्ष व पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हुकुमचंद यादव सहित बहुत से गणमान्य व्यक्तियों ने सावित्री देवी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत किया जागरूक

**बाढ़ड़ा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर जेवली में केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष विभाग चरखी दादरी के सौजन्य से जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ राकेश वशिष्ठ के निर्देशानुसार व आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास के मार्गदर्शन में लोगों को जागरूक किया गया।

इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं,किशोरियों व बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करना है ।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 24 से भिवानी में

■ राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भीम स्टेडियम में 24 से 26 सितंबर तक तीन दिवसीय बालक वर्ग की अंडर-14, अडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एथलेटिक्स, बास्केटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को भिवानी की जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया की अध्यक्षता में स्थानीय स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। सत्यवान कोच एवं शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर डीईओ ने शिक्षा विभाग से जुड़े सभी पीटीआई, डीपीई, प्रवक्ता, प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



**भिवानी।** खेलों को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस की झोझू खंड कार्यकर्ता बैठक में गरजे नेता संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

■ सरकार पर लगाए किसानों से जुड़े मुद्दों की अनदेखी के आरोप

बाढड़ा। झोझू खंड के कांग्रेस कार्यकर्ता मीटिंग में किसानों के मुद्दों को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा गया। किसान नेता व कांग्रेसी नेता रवींद्र सांगवान की अध्यक्षता में मुख्यातिथि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुशील धानक ने अपने संबोधन में कहा कि खेतों में फसल बिजाई के दौर में डीएपी खाद की भारी कमी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा मंडियों में फसलों की खरीद भी समय पर नहीं हो रही और किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ रही है। बैठक में पूर्व विधायक सोमबीर सिंह श्योराण, पूर्व सीपीएस रणसिंह मान ने भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। बैठक में जिलाध्यक्ष ने वोट चोरी पर भाजपा को जमकर घेरा और इसे लोकतांत्रिक देश के लिए घातक संकेत बताया। उन्होंने कहा कि फसल खरीद और खाद आपूर्ति जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान डीएपी खाद के लिए परेशान है क्योंकि बिजाई का समय आ चुका है इसके बावजूद किसान को अपना कार्य छोडक़र खाद के लिए लाइनों में लगा रहना पड़ता है। मीटिंग के बाद मु2य बस स्टेंड तक वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक जुलूस निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से जीवंत की हरियाणवी संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

खंड शिक्षा कार्यालय बाढड़ा के तत्वावधान में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सरोबार रहा। इस महोत्सव में खंड के 25 राजकीय स्कूलों से आए 75 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

रागनी, स्किट, फॉक डांस, सोलो एवं ग्रुप डांस जैसी विधाओं में बच्चों की प्रस्तुतियों ने न केवल उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि हरियाणवी संस्कृति को भी सजीव रूप में प्रस्तुत किया। महोत्सव का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नारा ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेता विद्यार्थियों को स मानित किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कृति और परंपराओं से जुडक़र ही इसका वास्तविक विकास संभव है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित होता है और अपनी लोक संस्कृति से जुड़ाव मजबूत होता है। खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण ने भी बच्चों को निरंतर अ5यास और अनुशासन की सीख दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होते हैं। महोत्सव की शुरुआत रागनी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी प्राचार्य हरिकिशन राणा तथा जिला नॉडल अधिकारी डॉ. सतीश साहू पूरे समय मौजूद रहे। मंच संचालन हरपाल आर्य ने किया, जिन्होंने अपनी ऊर्जावान शैली से कार्यक्रम को जोड़े रखा। प्रदर्शनी सांस्कृतिक प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में हरियाणा की पारंपरिक जीवन शैली से जुड़ी वस्तुएं, परिधान और घरेलू उपकरण प्रदर्शित किए गए।

**हड़ौदी स्कूल ऑवरऑल विजेता बना**

सभी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हड़ौदी को ऑवर ऑल विजेता घोषित किया गया। वहीं, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढड़ा ने शानदार प्रस्तुतियों के दम पर दूसरा स्थान हासिल किया।

**सोलो और ग्रुप डांस प्रस्तुतियों ने तालियां बटोरीं**

स्किट प्रतियोगिता में बच्चों ने हल्के-फुल्के हास्य और मनोरंजन के साथ-साथ गंभीर सामाजिक संदेश दिए। नशे से दूर रहने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर प्रस्तुत किए गए नाटकों ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। फॉक डांस प्रतियोगिता महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। हरियाणा के पारंपरिक लोकगीतों पर छात्र-छात्राओं ने जब रंगबिरंगे परिधानों में कदमताल किया तो मानो पूरा वातावरण हरियाणवी संस्कृति के रंग में रंग गया। सोलो और ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं ने भी खूब तालियां बटोरीं। बच्चों की लय और उत्साह देखकर दर्शकों ने बार-बार उनका हौसला बढ़ाया। महोत्सव के सफल आयोजन में खंड कार्यलय से असिस्टेंट सतीश कुमार, नरेंद्र कुमार और राजेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# बहल में भगवान राम की ध्वज यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

20 सितंबर से कस्बे की कृष्ण वाटिका में शुरू होने जा रही रामलीला मंचन से पहले रामभक्तों द्वारा भगवान राम की ध्वज यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों ने हाथ में राम ध्वज उठाए हुए जोरदार नारे लगाते रहे। शोभायात्रा में भगवान राम के भजनों का गायन करती हुई बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

शनिवार को श्री राम मंदिर से सुबह करीब दस बजे शोभा यात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा में श्री अलख आश्रम के महंत विकास गिरि महाराज शामिल हुए।



**बहल।** रामलीला मंचन से पहले कस्बे में निकाली गई ध्वज यात्रा में शामिल रामभक्त।

उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन एक आदर्श जीवन रहा है जिसमें त्याग, वात्सल्य, करूणा, प्रेम, सद्भाव के अलावा संस्कार की भावना से परिपूर्ण है। श्रीमद्भगवत गीता और श्री रामचरित मानस के श्रवण मात्र से ही व्यक्ति का जीवन अनेक कष्टों से दूर होकर आनंदित जीवन के फल को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावना से परिपूर्ण जीवन हमें बुरे कर्मो से दूर रखकर आपस में सद्भाव और प्रेम से जीवन यापन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर महंत विकास गिरि महाराज, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, अनुज बिडोलिया, मनमोहन मित्तल, पवन माधोगढिया, संजय चैहड़िया सहित अनेक रामभक्त मौजूद रहे।

### विभागाध्यक्ष अपने टारगेट को निर्धारित समयावधि में पूरा करें

■ डीसी गुप्ता ने अधिकारियों के साथ की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को लघु सचिवालय परिसर में स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अधिकारियों को उनके विभागों के मिले टारगेट को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसी ने अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों की प्रोजेक्टर पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विभाग से उनकी योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली भी। डीसी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उनके तहत विभागों को समय-समय पर टारगेट निर्धारित किए जाते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग टारगेट निर्धारित समयावधि में पूरा करें।

# 30 सितंबर से दो अक्तूबर तक होगा भव्य रामलीला का आयोजन : टैणी

■ धार्मिक प्रसंगों के साथ-साथ इस बार दर्शकों के लिए होगी खास सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

■ मंचन में उच्च कोटि के कलाकारों व साउंड-लाइट इफेक्ट्स का होगा प्रयोग



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने वाली श्री अग्रसेन रामलीला कमेटी (रजि.) इस वर्ष भी भव्य रामलीला और रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 सितंबर से दो अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए श्री अग्रसेन रामलीला कमेटी (रजि.) द्वारा शनिवार को हांसी गेट स्थित केएम शिशु विहार में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में श्री अग्रसेन रामलीला कमेटी (रजि.) के प्रधान विजय बंसल टैणी, उपप्रधान सुरेश डिब्बेवाला व महामंत्री अजय सर्राफ ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधान विजय बंसल टैणी, उपप्रधान सुरेश डिब्बेवाला व महामंत्री अजय सर्राफ ने कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा करते हुए बताया कि रामलीला का मंचन 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रेलवे रोड़ स्थित सेठ किरोड़ीमल पार्क में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 30 सितंबर को शाम 7 बजे गणेश वंदना से शुरूआत होगी। इसके बाद राम जन्म, ताडक़ा वध, राम विवाह और लक्ष्मण-परशुराम संवाद जैसे प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक अक्तूबर को दूसरे दिन शाम 7 बजे से राम वनवास, केवट लीला और सीता हरण का मंचन होगा तथा दो अक्तूबर को तीसरे दिन दोपहर 4 बजे से अंतिम दिन की लीला प्रस्तुत होगी। इसमें कुंभकरण वध, मेघनाद वध और अंत में रावण वध के प्रसंग मंचित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रामलीला के धार्मिक प्रसंगों के साथ-साथ इस बार दर्शकों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर संयोजक घनश्याम सर्राफ विधायक, सह संयोजक प्रवीण गर्ग, उपप्रधान भरतिया, कोषाध्यक्ष मामनचंद अग्रवाल, सदस्य मुरारीलाल तोला, सदस्य पवन बुवानीवाला, प्रमोद मिंडूका, उमाकांत भोली, विनोद जैन, पूर्व पार्षद नरेंद्र सर्राफ, दिनेश गोयल, मोहित चौधरी भी मौजूद रहे।

## दो गोल्ड, 3 सिल्वर और 5 कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया गौरव : डीपीई

# राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में भिवानी को मिले 10 पदक

■ क्षेत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के साथ खेल मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है खिलाड़ियों की उपलब्धि : डीईओ निर्मल दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीते 16 से 19 सितंबर तक सोनीपत मे आयोजित हुई 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली मुक्केबाजी (लडक़ों की अंडर-19 आयु वर्ग) प्रतियोगिता में मिनी क्यूबा भिवानी के मुक्केबाजों ने शानदार प्रर्दान करते हुए दो गोल्ड, 3 सिल्वर व 5 कांस्य पदक हासिल करके ना केवल अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है, बल्कि एक बार फिर से मिनी क्यूबा भिवानी का नाम गौरवांवित किया है। यह जानकारी देते हुए भिवानी टीम के इंचार्ज डीपीई सुधीर मलिक ने बताया कि 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली मुक्केबाज प्रतियोगिता में भिवानी के विभिन्न स्कूलों के मुक्केबाजों की टीम ने 10 पदक जीतकर एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।



**भिवानी।** खेल प्रशिक्षकों के साथ विजेता बॉक्सर।

**60 किलोग्राम भार वर्ग में पुनीत ने स्वर्ण पदक जीता**

डीपीई सुधीर मलिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम भार वर्ग में पुनीत व 91 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में नीरज ने स्वर्ण पदक, 81 से 91 किलोग्राम में हन्नी, 69 किलोग्राम में अर्जुन, 49 किलोग्राम में साहिल ने सिल्वर पदक तथा 46 किलोग्राम में आदित्य, 52 किलोग्राम में प्रवीण, 56 किलोग्राम में रवीन, 75 किलोग्राम में आर्यन तथा 75 से 81 किलोग्राम भार वर्ग में यशवत ने कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर भिवानी की जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने खुशी जताते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रदर्शन में सराहनीय सहयोग के लिए डीईओ ने टीम इंचार्ज डीपीई सुधीर मलिक, प्रवक्ता पवन कुमार, दीपक चौधरी, मनदीप गोयत, ललित को भी बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने कहा कि यह भिवानी के खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और त्याग का प्रमाण है कि किसी भी खेल प्रतियोगिता में भिवानी के खिलाड़ी पदक जीतकर लाते है। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में खिलाड़ियों की क्षेत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के साथ खेल के मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान भी दिलाते है। इसके अलावा खिलाड़ियों की उपलब्धि अन्य युवाओं को भी खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को नशे से दूर रहने का दिलवाया संकल्प

**भिवानी।** नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, चरित्र और भविष्य तीनों को नष्ट करता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कादमा शाखा के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई कादमा परिसर में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया।

### त्रिवेणी रोपण पितरों को श्रद्धांजलि देने का मार्ग

**भिवानी।** पितृपक्ष पर शनिवार को महम रोड पर त्रिवेणी (पीपल, बरगद और नीम) का त्रिवेणी बाबा के नेतृत्व में रोपण किया। कार्यक्रम धार्मिक वातावरण और श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष में त्रिवेणी लगाना न केवल शुभ और फलदायक कार्य है, बल्कि यह पितरों के प्रति सच्चे श्रद्धाभाव को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी वृक्ष सभी देवी-देवताओं का वास स्थल माने जाते हैं।

### दुकानदारों ने सीवरेज समस्या से पाया निजात

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में सीवरेज की समस्या चरमराई हुई है। इसकी दुर्गंध के कारण लोगों का बैठना, उठना, आना-जाना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका कार्यालय के पास वीके फोटो स्टेट के सामने मुख्य रोड़ पर सीवरेज के ढ़क्कन से आ रही बदबू ने सभी का जीना मुश्किल कर दिया जिसको लेकर लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई। वहीं प्रशासन ने काफी दिनों बाद इसकी सुध लेते हुए दुकानदारों की इस समस्या का अस्थाई प्रबंध करते हुए इसमें पानी लगाकर नाले में छुड़वाने का कार्य किया ताकि दुकानदारों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। दुकानदार श्यामसुंदर, हरिराम, सुनील कुमार, रिंकू, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार आदि ने बताया कि सीवरेज की गंदगी दुकानों के आगे आने व मच्छरों के कारण बीमारी के फैलने का भय बना हुआ था।



### झोझूकलां में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान शुरू

**चरखी दादरी ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने झोझू कलां की अग्रसेन धर्मशाला में जिला अध्यक्ष सुशील धानक की अगुवाई में वोट छोड़ गद्दी छोड़ के हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व सीपीएस रणसिंह मान, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, पूर्व विधायक कर्नल रघुबीर सिंह छिल्लर, व्योवृद्ध किसान नेता रविन्द्र सांगवान, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान ने भी अपने विचार रखे।

## नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व अमन सर्राफ ने किया शुभारंभ

# 20 लाख की लागत से बनाए जाएंगे जैन चौक में शौचालय

लोगों की यह मांग दशकों पुरानी थी और आज नप ने यह पूरी कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब जैन चौक इलाके के दुकानदारों व बाहर से आने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर। उक्त इलाके के लोगों की दशकों पुरानी मांग आज पूरी होने वाली है। नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ,विधायक घनश्याम सर्राफ के पुत्र अमन सर्राफ व पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डुडेजा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर जैन चौक में महिला व पुरुष शौचालय के निर्माण कार्य शुरू करवाया।

इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों का मुंह मीठा भी करवाया। चूंकि उक्त इलाके के लोगों की यह मांग दशकों पुरानी थी और आज नप ने यह पूरी कर दी। उक्त शौचालयों के निर्माण पर करीब 20 लाख रुपये की लागत आएगी। इन शौचालयों में आधुनिक तरीके की सीट व अन्य सामान लगवाए जाएंगे। साथ ही सफाई का विशेष ख्याल रखा जाएगा।

ताकि शहर की स्वच्छता को और पंख लगाए जा सके। अब से पहले यहां पर कोई भी सार्वजनिक शौचालय नहीं था। सार्वजनिक शौचालय बनने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। यहां यह बताते चले कि उक्त इलाके में नप की जमीन नहीं होने की वजह से शौचालयों का निर्माण नहीं हो पाया था। अब जमीन तलाशने के बाद आज शौचालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

इस मौके पर अशोक यादव, दीपक व पवन के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



**भिवानी।** जैन चौक इलाके में शौचालय के भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जहां पर जरूरत महसूस हुई उसी इलाके में शौचालयों का करवाया जाएगा निर्माण: भवानी

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि आज हमने जैन चौक में महिला व पुरुषों के लिए शौचालय के भवन के निर्माण की शुरूआत करवाई है। इस इलाके में यह दशकों पुरानी थी। आज यह पूरी हो गई है। यहां पर बनने वाले शौचालय के निर्माण पर करीब 20 लाख रुपये की लागत आएगी। इस शौचालय को आधुनिक तरीके से बनवाया जाएगा। सफाई का विशेष ख्याल रखा जाएगा। सफाई के लिए यहां पर कर्मचारियों की तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि यहां पर शौचालय तैयार होने के बाद शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के शौचालयों का निर्माण करवाया जाएगा। ताकि क्षेत्र व बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

### सरकारी खजाने लबालब: अमन

विधायक घनश्याम सर्राफ के बेटे अमन सर्राफ ने बताया कि सार्वजनिक कार्यो के लिए सरकारी खजाने लबालब है। सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं। बशर्ते लोगों सार्वजनिक कार्य लेकर आए। विधायक घनश्याम सर्राफ विकास कार्यो के लिए लगातार सीएम नायब सैनी से सम्पर्क साध कर प्रस्ताव पारित करवा रहे है। वहीं सीएम नायाब सैनी का भी भिवानी से विशेष लगाव है। वे भी भिवानी के विकास के लिए दिल खोलकर बजट जारी कर रहे है।

## पीएम मोदी की जीवनी पुस्तिका का वितरण



**बहल।** सेवा पखवाड़े के दौरान आईटीआई में पुस्तक वितरित करते हुए पूर्व सरपंच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पीएम मोदी की जीवनी पुस्तिका का वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी के जीवन से हमें राष्ट्रप्रेम, परोपकार व समाजसेवा की भावना की सीख मिलती है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल मुख्यातिथि रहे।

शनिवार को आईटीआई के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने पीएम मोदी के 75 वें जन्मदिन पर उनके जीवन चरित्र पर लिखित 75 पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को वितरित की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जीवन राष्ट्रप्रेम, सद्भाव, सादगी और वात्सल्य की भावना से भरा हुआ है। उन्होंने जीवन पर्यंत कभी अपने निजहित को हावी नहीं होने दिया और मां भारती की दिन रात सेवा करते हुए राष्ट्र उत्थान के लिए काम किया। उनकी दूरदृष्टि से आज भारत आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ रहा है जो हर भारतीय के लिए गौरव की बात है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता जयकुमार शर्माए उद्योगपति प्रमोद अग्रवालए आईटीआई के वर्ग अनुदेशक यजुवेंद्रए मुकेशए डीएमसी जितेंद्र सहित अनेक स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, अभिनय और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों से मोहा मन

■ कार्यक्रम में रागनी व लोकगीतों के माध्यम से देखने को मिली हरियाणवी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम और सांस्कृतिक उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, अभिनय और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रंगारंग कार्यक्रम ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और मंच पर विविध रंगों की छटा बिखेर दी। कार्यक्रम में नाटक, कविता पाठ, हरियाणवी रागनी, भजन, लोकगीत, प्रश्नोत्तरी, भाषण एवं वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और तैयारी के साथ इनमें भाग लिया। हरियाणवी संस्कृति की झलक रागनी और लोकगीतों के माध्यम से देखने को मिली। वही वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता और ज्ञान का परिचय दिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की गई। इस मौके पर नव पदोन्नत प्राचार्य जगबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से सतत प्रयास और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

महाविद्यालय के प्रैस प्रभारी डा. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में अंकित ने प्रथम, अंजलि और सचिन ने द्वितीय तथा अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में दीपाली प्रथम, सचिन द्वितीय और रजनी तृतीय स्थान पर रही। हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिता में रवि ने प्रथम, सचिन ने द्वितीय और गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में हरीश प्रथम, अमन द्वितीय और पूर्णिमा तृतीय स्थान पर रही। पंजाबी कविता पाठ प्रतियोगिता में दीपिका प्रथम स्थान पर और अमन द्वितीय स्थान पर रहा। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में एमए इतिहास की छात्रा स्वीटी ने प्रथम और बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र रवि चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

शिक्षा विभाग, ब्लाक बवानी खेड़ा के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी – 2025 का सफल आयोजन सरकारी मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बवानी खेड़ा में किया गया। इस प्रदर्शनी में क्षेत्र के विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध विषयों पर अपने 35 मॉडल व परियोजनाएँ प्रस्तुत की।

■ विज्ञान हमारे लिए तब लाभदायक

छात्रों ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, सतत खेती, हरित भवन, जैव विविधता संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग व स्वास्थ्य, गणितीय मॉडलिंग एवं नवाचारपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे विषयों पर अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण व रचनात्मकता का परिचय दिया। ब्लाक कोऑर्डिनेटर अरुणा सैनी इस प्रदर्शनी की थीम, नियम और शर्तों के बारे में उपस्तिथ अतिथियों, निर्णायक मंडल, अध्यापकों व विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की विज्ञान हमारे लिए तब लाभदायक है जब हम इसका इस्तेमाल बिना पर्यावरण को नुक्सान पहुंचाए किया जाए।



**बवानीखेड़ा।** विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

### परिणाम इस प्रकार

प्रथम- रा.मॉ.सं.व.मा.वि. बवानी खेड़ा, द्वितीय- रा.क.व.मा.वि., लोहारी जाटू, तृतीय- रा.व.मा.वि., भैनी कुंगड़ और सांत्वना पुरस्कार – रा.उ.वि., बोहल को मिला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आनंद शर्मा, कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी, सुरेश कुमार, प्राचार्य रा.व.मा.वि. अलखपुरा, संतोष भाकर, प्राचार्य रा.मॉ.सं.व.मा.वि. बवानी खेड़ा, भुवनेश कुमार मुद्गिल, प्राचार्य रा.क.व.मा.वि. कुंगड़, महेश शर्मा, प्राचार्य, रा.व.मा.वि. कुंगड़, सुभाष चन्द्र, प्रवक्ता (भूगोल), रा.व.मा.वि. अलखपुरा आदि रहे।

## पराली जलाने से खेती में नुकसान व पराली से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की दी जानकारी



फसल अवशेष प्रबंधन पर उपस्थित अधिकारी व किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ कृषि विज्ञान केंद्र में फसल अवशेष प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

कृषि विज्ञान केंद्र में दिनांक 15 से 19 सितम्बर तक फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रशिक्षण का संयोजन डॉ. करिश्मा नंदा ने किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया, जिन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। गौरतलब है कि गेहूं की बुवाई के समय पराली जलाने की समस्या देखी जाती है। इस समस्या से निजात पाने और किसानों को जागरूक करने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पराली जलाने से खेती में होने वाले नुकसान और पराली से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की जानकारी दी गई।

नशे से रहें दूर, लक्ष्य लेकर करें पढ़ाई : डीएसपी

## डीएसपी दलीप सिंह ने छात्राओं को पढ़ाया कानून का पाठ

■ डीएसपी ने छात्राओं को किया जागरूक, पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

डीएसपी दलीप सिंह ने कहा है कि बेटियों को अपने अधिकारों को समझना होगा। किसी भी स्थिति में आप कमजोर नहीं हैं। स्वयं छोटी-छोटी बातों को लेकर सर्तक रहें और घर परिवार की महिलाओं को भी जागरूक करें।

उन्हें प्रेरित करें कि यदि किसी प्रकार की घटना उनके साथ हो रही है तो वह बर्दाश्त न करें, बल्कि उसका विरोध करें। जिससे अपराध पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि यदि रास्ते में या कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल कर पुलिस को तुरन्त सूचना दें।



**तोशाम।** एकत्रित छात्राओं को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नशे से दूद रहने की अपील की

*डीएसपी दलीप सिंह ने छात्राओं से नशे से भी दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सीखने की क्षमता को सही दिशा में लगाएं। युवा देखा-देखी में नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। नशे को जड़ से खत्म करने के लिए लोगों की भागीदारी और प्रयास जरूरी हैं। पुलिस भी नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इस मौके पर थाना प्रभारी महावीर सिंह, महाविद्यालय से जयपाल शास्त्री सहित विभिन्न स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।*

## युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही बनेगा विकसित भारत

■ सांसद चौ. धर्मबीर सिंह चौधरी ने किया विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग पोस्टर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई माई भारत के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 - 26 का आयोजन किया जाएगा। इससे संबंधित पोस्टर का विमोचन भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही भारत देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा।

सासंद ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई माई भारत के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम युवाओं को मंच प्रदान करता है। इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में नेतृत्व की की भावना तैयार होती है। युवाओं को समाज और राष्ट्र की कड़ी जोड़ने का इस प्रकार के आयोजन सफल माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस क्विज प्रतियोगिता में अधिकतम युवा भाग लें। संवाद युवाओं को विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ने का बेहतरीन मंच है। इस दौरान जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव व भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत माई भारत क्विज से होगी, जो 12 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। क्विज में 20 प्रश्न होंगे और उत्तर देने के लिए 10 मिनट का समय मिलेगा। इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रथम चरण में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है और 10 हजार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद निबंध लेखन, प्रस्तुति और संवाद सत्र के अगले चरण होंगे।

## संगीत, नृत्य, नाटक, फाइन आर्ट्स व साहित्य में छात्रों ने शानदार प्रस्तुतियां दी

# प्रतिभा खोज कार्यक्रम से निखरी छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग द्वारा कुलगुरू प्रो दीप्ति धर्माणी एवं रजिस्ट्रार प्रो भावना शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी बंसीलाल विश्विद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार व डीन प्रो जितेंद्र कुमार भारद्वाज, डीन एकेडमिक प्रो. डीके मदान, प्रो मयंक किंगर, परफार्मिंग एवं विजुअल आर्ट डिपाटमेंट के अध्यक्ष प्रो. हुकमचंद, फाइन आर्ट्स के विशेषज्ञ पुरूषोतम दास,युवा कल्याण विभाग की निर्देशक डॉ सोनल शेखावत व निर्णायक मंडल के वरिष्ठ सदस्य कौशल भारद्वाज, मुरलीधर शास्त्री द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में मंच का सफल प्रतिभा खोज कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका में नेहा शर्मा, विनय, प्रो. हुकुम चंद, कौशल भारद्वाज, नितिन सचदेवा, डॉ. मुरली धर शास्त्री, प्रो. जितेंद्र कुमार भारद्वाज,डॉ. सोनिका, पुरूषोतम दास, ने अदा की। कार्यक्रम संयोजक एवं युवा कल्याण विभाग की निर्देशिका डॉ सोनल शेखावत ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ सोनल ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विश्वविद्यालय कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी के कुशल निर्देशन और रजिस्ट्रार प्रो भावना शर्मा के प्रयासों से विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है और इसी कड़ी में विश्वविद्यालय में प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया है ताकि विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभाओं को निखारा जा सके। गौरतलब होगा कि प्रतिभा खोज कार्यक्रम में कलाकार विधार्थियों ने बढ चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में संगीत, गायन अभिनय, फाइन आर्ट्स, साहित्य में प्रतिभाओं का चयन किया गया। विधार्थियों द्वारा थिएटर विधा में हिंदी, हरियाणवी नाटक व मिमिक्री में माध्यम से नाटक, फिल्म या अपना स्वरचित संवाद या दृश्य या मोनो एक्टिंग की प्रस्तुति दी गई। संगीत विधा में हिंदी, हरियाणवी व शास्त्रीय गायन में फिल्मी गैर फिल्मी व लोकगीत की प्रस्तुति दी। हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा के लिए वाद्य वादन के विधार्थियों ने संगीत यंत्र बजा कर अपनी प्रस्तुती दी। नृत्य विधा में हरियाणवी ग्रुप डांस व एकल और शास्त्रीय नृत्य व किसी भी लोक नृत्य व शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई।




**भिवानी।** आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देती प्रतिभागी।

### चहनित छत्र युवा समारोह में लेंगे हिस्सा

पूर्व रजिस्ट्रार प्रो जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा का पता लगाकर उन्हें निखारने के उद्देश्य से विश्विद्यालय प्रांगण में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चयनित विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह में अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे। संचालन हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉ दीपक कुमारी द्वारा किया गया। युवा कल्याण विभाग में सुपरवाइजर डॉ. वी. एम. बेचैन ने सभी का धन्यवाद किया। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने अपनी मनोरम प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सुपरवाइजर ज्ञानेंद्र, रवि शर्मा, डॉ. दीपक कुमारी,डॉ. मूलराज, नवीन,डॉ. महक,जितेंद्र कुमार, प्रियंका वैद,डॉ. सुशीला आर्य, डॉ. अंशु, वंदना, मोनू, संजू,परविंदर,विजय,सौरव,शुभम,वंशिका, सत्यवान, सुरक्षा प्रभारी उपस्थित रहे।

रस्म पगड़ी (तेरहवीं)



स्व. श्री सत्यजीत गोयत

आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे भतीजा श्री सत्यजीत गोयत (पुत्र श्री चतर सिंह गोयत) निवासी खेड़ी दौलतपुर का आकस्मिक निधन दिनांक 18.09.2025 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 26.09.2025 (शुक्रवार) को गांव खेड़ी दौलतपुर में होगी।

शोकाकुल

मास्टर जोगेन्द्र सिंह गोयत
प्रधान गोयत खाप एवं परिवारगण
मो. 9996137000